बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 ....11056.....

प्रेषक,

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
राजस्व पर्षद,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक : 20-10-2020

विषय :– बेतिया राज की भू–सम्पदा सहित राजस्व पर्षद के संरक्षणाधीन अन्य भू–सम्पदाओं का बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण के दौरान अधिकार अभिलेख निर्माण के समय संरक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली, 2012 के अधिन बिहार के 20 जिलों यथा बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर, एवं नालंदा के 91 अंचलों में कार्यरत 208 शिविरों के माध्यम से भू–सर्वेक्षण का कार्य प्रथम चरण में प्रारंभ किया गया है।

पश्चिम चंपारण जिले के विशेष सर्वेक्षण के कार्यो की समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि पश्चिम चंपारण सहित बिहार के अन्य स्थानों पर बेतिया राज की भू–संपदा है, जिसके संरक्षक वर्त्तमान में राजस्व पर्षद, बिहार, पटना हैं।

उल्लेखनीय है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य के दौरान अधिकार अभिलेखों को तैयार किया जाएगा और इस दौरान सरकारी भूमि सहित सरकार के संरक्षणाधीन भू–संपदाओं के भी अधिकार अभिलेख का निर्माण होगा। इस दौरान बेतिया राज के भू–सम्पदाओं सहित राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के संरक्षणाधीन अन्य भू–सम्पदाओं के भी अधिकार अभिलेख बनेंगे।

अतः अनुरोध है कि संबंधित जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाए कि वे भू–सर्वेक्षण के दौरान जिला बंदोबस्त कार्यालय एवं संबंधित विशेष सर्वेक्षण शिविर के सतत संपर्क में रह कर सरकार का हित अक्षुण्ण रखने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

20/x/20

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 11056 **पटना, दिनांक** 20-10-2020

प्रतिलिपि :– समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर, एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/x/20

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 11056 **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

प्रतिलिपि :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी / निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/x/20

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 11056 **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

20/x/20

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 11056 **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

20/x/20.

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप